INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 10	**Topic: Answers of comprehension Worksheet**	**Note: Pl. file in portfolio**

प्रश्न - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :-

एक धनी राजा ने सड़क के बीचों-बीच एक बहुत बड़ा पत्थर रखवा दिया था। वह स्वयं चुपचाप नजदीक के एक पेड़ के पीछे जाकर छुप गया। दरअसल वो देखना चाहता था कि कौन व्यक्ति बीच सड़क पर पड़े उस भारी-भरकम पत्थर को हटाने का प्रयास करता है। कुछ देर इंतजार करने के बाद वहाँ से राजा के दरबारी गुजरते हैं। लेकिन वो सब उस पत्थर को देखने के बावजूद नजरअंदाज कर देते हैं।

राजा के दरबारियों के बाद वहाँ से करीब बीस से तीस लोग और गुजरे लेकिन किसी ने भी पत्थर को सड़क से हटाने का प्रयास नहीं किया। करीब डेढ़ घंटे बाद वहाँ से एक गरीब किसान गुजरा। किसान के हाथों में सब्जियाँ और उसके कई औजार थे। किसान रुका और उसने पत्थर को हटाने के लिए पूरा दम लगाया।
आखिर वह सड़क से पत्थर हटाने में सफल हो गया । पत्थर हटाने के बाद उसकी नज़र नीचे पड़े एक थैले पर गई । इसमें कई सोने के सिक्के और जेवरात जेवरात थे। उस थैले में एक खत भी था जो राजा ने लिखा था कि ये तुम्हारी ईमानदारी, निष्ठा, मेहनत और अच्छे स्वभाव का इनाम है। जीवन में भी इसी तरह की कई रुकावटें आती हैं। उनसे बचने की बजाय उनका डटकर सामना करना चाहिए।

कहानी से शिक्षा : मुसीबतों से डर कर भागे नहीं, उनका डटकर सामना करें।

प्रश्न –1- एक धनी राजा ने सड़क के बीचों-बीच क्या रखवा दिया था ?

* एक बहुत बड़ा मोती।
* एक बहुत बड़ा हीरा।
* एक बहुत बड़ा खिलौना ।
* एक बहुत बड़ा पत्थर ।√

प्रश्न -2- राजा स्वयं चुपचाप जाकर कहाँ छुप गया था ?

* नजदीक के एक पेड़ के पीछे ।√
* नजदीक के एक घर में ।
* नजदीक के एक पहाड़ के पीछे ।
* नजदीक की एक झोंपड़ी के पीछे ।

प्रश्न-3 – कौन व्यक्ति बीच सड़क पर पड़े उस भारी-भरकम पत्थर को हटाने का प्रयास करता है - ऐसा किसने देखना चाहा था ?

* राजा ने देखना चाहा था । √
* किसान ने देखना चाहा था ।
* मंत्री ने देखना चाहा था ।
* सेनापति ने देखना चाहा था ।

प्रश्न -4- कुछ देर इंतजार करने के बाद वहाँ से कौन गुजरते हैं ?

* राजा के दरबारी । √
* राजा के मित्र ।
* राजा के पुत्र ।
* राजा के दुश्मन।

प्रश्न -5- राजा के दरबारियों के बाद वहाँ से कौन गुजरता है?

* करीब बीस से तीस लोग और गुजरे ।√
* करीब बीस से तीस सैनिक गुजरे ।
* करीब बीस से तीस पहलवान गुजरे ।
* करीब बीस से तीस मंत्री गुजरे ।

प्रश्न -6– इस छोटी सी कहानी से हमें कौन- सी बहुत बड़ी सीख मिलती है ?

* मुसीबतों से डर कर भाग जाएँ, उनका डटकर सामना न करें।
* मुसीबतों से डर कर भागे नहीं, उनका डटकर सामना करें।√
* हमें मुसीबतों से डर कर अपने स्वभाव पर काबू रखना चाहिए।
* हमें मुसीबतों से डर कर लोगों पर काबू रखना चाहिए।

प्रश्न -7- डेढ़ घंटे बाद वहाँ से कौन गुजरा ?

* एक गरीब किसान । √ * एक गरीब लकडहारा।
* एक गरीब मछुआरा । * एक गरीब शिकारी

प्रश्न - 8 - किसान के हाथों में क्या था ?
* सब्जियाँ और उसके कई औजार थे।√ * फ़ल और फूल थे।
* मुर्गी और उसके कई अंडे थे। । * दूध और बादाम थे।

प्रश्न -9 - सड़क से पत्थर हटाने में सफल कौन हुआ ?
* एक दयालु दुकानदार । * एक महान राजा ।
* एक गरीब किसान । √ * एक प्रसिद्ध गायक ।

प्रश्न -10 - खत में राजा ने क्या लिखा था ?

* ये तुम्हारी ईमानदारी, निष्ठा, मेहनत और अच्छे स्वभाव का इनाम है। √
* ये तुम्हारी लापरवाही , झूठ तथा छल का इनाम है।
* ये तुम्हारी लापरवाही का इनाम है।
* ये तुम्हारी नाइंसाफी , बेईमानी तथा बुरे स्वभाव का इनाम है।

****